भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा के 400 कर्मचारियों ने 26 जून, 2015 को इंडिया गेट नई दिल्ली में "नशे से बचाव हेतु दौड़" में भाग लिया।

नई दिल्ली 26 जून, 2015, युवाओं में नशे की लत के रोकथाम की आवश्यकता की दिशा में, भाविप्रा ने इस वर्ष इस कार्यक्रम के "**मुख्य आयोजक**" के रुप में हिस्सेदारी की। श्री आर.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, भाविप्रा, तथा श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) भाविप्रा, के नेतृत्व में भाविप्रा के लगभग 400 कर्मचारियों ने इस दौड़ में शिरकत की। भाविप्रा की इस उत्साहित और भागेदारी को सभी के द्वारा सराहा गया।

श्री थावरचन्द गहलोत, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, श्री आर.के.श्रीवास्तव, भा.प्र.से, अध्यक्ष, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) तथा डॉ सुनीता गौदारा, निदेशक-हैल्थ फीटैन्स ट्रस्ट इस कार्यक्रम हेतु समन्वय करने वाली एनजीओं सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने झंड़ा फहराकर दौड़ का शुभारंभ किया।

26 जून को नशे से मुक्ति हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस पर इंडिया गेट पर 2003 से प्रत्येक वर्ष "नशे से मुक्ति हेतु दौड़" का जनजागरण जागरुकता अभियान किया जाता है। इस अवसर पर इंडिया गेट पर प्रातः संयुक्त उधम के 13 पार्टनरों ने भाग लिया एवं ' नशे को छोड़ो स्वास्थ्य पर ध्यान दो ' थीम पर संदेश भेजा गया। इस वर्ष दौड़ का मुख्य फोकस "नशे के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं इलाज संभव है" पर था। नशे के विरुद्ध इस अभियान के श्री सुनीता गोदारा, एशियन मैराथन गोल्ड मैडलिस्ट तथा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नाकोरिक्टस कट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, (Directorate of Prohibition) दिल्ली सरकार, हैल्थ फिटनेस ट्रस्ट इस कार्यक्रम के समन्वयन एन जी ओ पार्टनर है।

दौड़ के अंत में विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों हेतु पुरुस्कार एवं मुमेन्टो दिए गए।
....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
महाप्रबंधक जनसंपर्क, भाविप्रा 9810025069,011-24622787
सं- 18/2015-16

श्री आर.के.श्रीवास्तव, भा.प्र.से., भाविप्रा, ने श्री थावरचन्द गहलोत, केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) भाविप्रा के साथ ने 26 जून, 2015 को इंडिया गेट पर नशे के विरुद्ध अंतराष्ट्रीय दिवस दौड के अवसर पर फ्लैग ऑफ करते हुए।